हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

14 सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे बाबा गुरु घासीदास : विधायक साहू


14 गुरू घांसीदास बाबा ने दिखाया सत्य व अंहिसा का मार्ग : लोकेश्वरी




कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।
छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो
■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला


मकान बेचना है
हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी
गोबरा नवापारा (राजिम)
मकान नंबर EWS 1200
एक रूम, 1 हॉल, किचन,
लेट बाथरूम अलग-अलग
रेट 6.50 लाख

**कार्रवाई :** 17 ग्रामीणों ने मिलकर एक नर सांभर को तीर-धनुष से बनाया था निशाना

# उदंती टाइगर रिजर्व में सांभर के अवैध शिकार का पर्दाफाश, 12 आरोपी गिरफ्तार, कई फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व में वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में वन विभाग को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। विभाग की मुस्तैद एंटी पोचिंग टीम ने एक नर सांभर के अवैध शिकार के मामले का पर्दाफाश करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई आधुनिक तकनीक और पारंपरिक खुफिया तंत्र के मेल यानी कैमरा ट्रैप, डॉग स्क्वाड और गोपनीय सूचनाओं के आधार पर अंजाम दी गई। मामले का खुलासा 15 दिसंबर 2025 को हुआ, जब कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र के अंतर्गत शेश्पगार जलप्रपात के पास गश्ती दल को जमीन पर खून के ताजे छींटे दिखाई दिए। संदेह होने पर वन विभाग के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल जांच टीम गठित की गई। क्षेत्र में लगे 'स्पाई कैमरों' (कैमरा ट्रैप) के फुटेज खंगाले गए और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि 12 दिसंबर को ग्राम सिहार, डंडईपानी और चिंहरापारा के करीब 17 ग्रामीणों ने मिलकर एक नर सांभर को तीर-धनुष से अपना निशाना बनाया था।





### इनका रहा विशेष योगदान

यह सफल ऑपरेशन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण पांडेय, मुख्य वनसंरक्षक श्रीमती सतोविशा समाजदार और उपनिदेशक श्री वरुण जैन के कुशल निर्देशन में चलाया गया। जमीनी स्तर पर सहायक संचालक श्री गोपाल कश्यप, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री देव नारायण सोनी सहित एंटी पोचिंग टीम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस गंभीर अपराध में संलिप्त दोषियों को कम से कम तीन वर्ष के कारावास की सजा हो सकती है।

### घर-घर तलाशी और बरामदगी

सूचना की पुष्टि होते ही 16 दिसंबर को वन विभाग की टीम ने संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपियों के घरों से शिकार में प्रयुक्त तीर, धनुष और फंदे बरामद किए गए। साथ ही, आरोपियों के पास से सांभर का मांस और उसके सींग भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शिकार के बाद मांस को आपस में बांट लिया था। वन विभाग अब इन जैविक साक्ष्यों को फॉरेंसिक लैब भेजने की तैयारी कर रहा है ताकि वैज्ञानिक आधार पर दोष सिद्धि की जा सके।

### घटनास्थल की शिनाख्त और कानूनी कार्रवाई

17 दिसंबर को आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया और टीम को उस स्थान पर ले गए जहां सांभर को काटा और पकाया गया था। घटनास्थल पर सांभर की हड्डियां, अवशेष और मांस पकाने के निशान पाए गए, जिसकी वीडियोग्राफी और पंचनामा तैयार किया गया। 18 दिसंबर 2025 को विभाग ने 12 आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। सभी आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, गरियाबंद के समक्ष पेश किया गया है। शेष 5 फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन : ध्रुव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने धान खरीदी की वर्तमान व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए गरियाबंद कलेक्टर को पत्र लिखकर प्रतिदिन



धान खरीदी लिमिट एवं टोकन संख्या बढ़ाने की मांग किया। साथ ही परिवहन व्यवस्था कराने की मांग किया है। श्री ध्रुव ने कहा की मैनपुर के गौरघाट जिड़ार धान खरीदी केन्द्र में प्रतिदिन टोकन मात्र की लिमिट मात्र 500 है जिसके कारण वर्तमान में 5-6 किसान ही धान बेच पा रहे है और ऐसी स्थिति रही तो सभी किसान धान भी नहीं बेच पायेंगे। तत्काल लिमिट एवं टोकन व्यवस्था बढ़ाया जाये नही तो किसानो के हित में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

### सियाराम भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने

**फिंगेश्वर।** प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा संगठन गरियाबंद के द्वारा फिंगेश्वर क्षेत्र के दमदार भाजपा कार्यकर्ता सियाराम साहू ध्रुव को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर अंचल में भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। ज्ञात हो कि सियाराम ध्रुव भाजपा नेता के साथ -साथ ग्राम खैरझिठी के सरपंच भी रहे है और युवाओं से लेकर अपने जाति के हर वर्ग में अच्छा खासा पकड़ रखते हैं। उनके भाजपा को जिला अध्यक्ष बनने पर राजू साहू, अरूण सिन्हा, दशरथ सिन्हा, कोमल ढीढी, यशवंत साहू, प्रेमलाल टोडर, भागवत सिन्हा नेतराम साहू, भुनेश्वर साहू, संतराम ध्रुव, मोहन साहू, हीरालाल साहू सहित जिले के भाजपा नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**गरियाबंद ।** स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की आरएएमपी योजना के तहत 19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर, कोंडागांव व राजनांदगांव में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से पाजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना की प्रक्रिया, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय साक्षरता, बैंक ऋण एवं सरकारी योजनाएँ, लागत एवं लाभ विश्लेषण, गुणवत्ता मानक, डिजिटल मार्केटिंग, बाजार से जुड़ाव, जोखिम प्रबंधन तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान की जाएंगी।

## ग्राम सभा में हुआ मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में 17 दिसंबर को रोजगार गारंटी मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना ( ग्रामीण ) का ग्राम सभा आयोजित कर सामाजिक अंकेक्षण किया गया। ब्लाक सामाजिक अंकेक्षण के टीम के सदस्य गणेश ठाकुर,राम रतन बंजारा ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जो ग्राम सभा द्वारा की जाती है ताकि योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। यह जनता को सवाल पूछने, शिकायतों को व्यक्त करने और कार्यान्वयन की निगरानी करने का मंच देता है। जिसमें गड़बड़ियां पर कार्रवाई होती है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य पंचायत निर्णय ऐप के जरिए इसे आनलाइन करके और मजबूत बना रहे हैं, ताकि लाभार्थियों को सही लाभ मिले और धन का दुरूपयोग रूकें। इस विशेष ग्राम सभा का अध्यक्ष वत्सल निषाद को बनाया गया। अंकेक्षण के टीम द्वारा ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को



मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में क्या क्या काम मनरेगा से हुआ और मस्टरोल देखकर इस व्यक्ति ने वहां पर काम किया है कि नहीं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, और कहा गया जो आवास अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है उसे जल्द ही प्रारंभ किया जाएं। और कई शिकायतें समाने भी आए। जो सुधारने का मौका दिया गया। यह सुनिश्चित करना कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी हो और अधिकारियों से जवाबदेही तय की जा सके। लोगों को विकास प्रक्रिया में शामिल करना और उनकी जरुरतों व शिकायतों को सामने लाना। धन के दुरूपयोग या अनियमितताओं का पता लगाना और उन पर कार्रवाई करना।

## भाजपा कार्यालय के घेराव को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल, पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में उस समय राजनीतिक तनाव की स्थिति बन गई जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के जिला कार्यालय का घेराव करने के लिए मार्च निकाला। पुलिस द्वारा रोके जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिससे कुछ समय तक माहौल तनावपूर्ण रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता नेशनल हेराल्ड प्रकरण में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को मिली राहत को अपनी राजनीतिक जीत बताते हुए उत्साहित नजर आए। इसी क्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय तक मार्च निकालने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से सतर्क रहा और जिला कार्यालय के सामने रस्सी लगाकर बैरिकेडिंग की गई थी। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़े, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की हुई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे हालात को नियंत्रित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जब-जब भाजपा डरता है, पुलिस को आगे करता है जैसे नारे गूंजते रहे। पुलिस बल की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे। हालांकि किसी भी प्रकार की बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।



### भाजपा सरकार लोकतांत्रिक आवाजों को दबा रही

मौके पर मौजूद कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारें लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही हैं और तानाशाही रवैया अपना रही हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता शैलेन्द्र साहू, हाफिज खान, चेतन सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, डीके ठाकुर, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, अमित मिरि, अमृत पटेल, राजेश साहू, राम नारायण साहू, सुनील तिवारी, छगन यादव, योगेश बघेल, जुनेद खान सहित बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



## मनखे-मनखे एक समान के जयघोष के साथ मनी गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम लोहरसी में सतनामी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संत बाबा गुरु घासीदास जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में क्षेत्र के ऊर्जावान होनहार जिलापंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक मुख्य अतिथि के रूप में शा मि ल हुए। वहीं अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष भागवत डहरिया व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच लोमश साहू, जनपद सदस्य नीता साहू, नूतन साहू पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर, सहित पंच गण सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि इंद्रजीत ने सर्वप्रथम जैतखंभ एवं बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाकर समाज को एकता और समरसता का मार्ग दिखाया। वे सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। इंद्रजीत ने कहा कि गुरु घासीदास जी के उपदेश आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और समानता स्थापित की जा सकती है। उन्होंने गुरु घासीदास को युगदृष्टा बताते हुए कहा कि उनके विचार वर्तमान समाज को सही दिशा देने वाले हैं।

■ लोहरसी में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

### ये रहे मौजूद

इस दौरान समाज के उपाध्यक्ष रामकुमार टंडन, सचिव भगीरथी डहरिया, नूतन साहू पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर, पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, गंगू टंडन, दीनदयाल टंडन , भारत सतनामी, हुलास ढ़ीढ़ी, परमेश्वर जांगड़े, सुखीराम सतनामी, रोशन रात्रे, गजानंद टंडन, गितम टंडन, मोहन ढ़ीढ़ी, पुष्कर सक्सेना, दूजलाल सतनामी, डोमन लाल, खुमन सतनामी गहंदर सक्सेना,अगेश्वर टंडन, जगदीश डहरिया, नारद लीला राम सतनामी, मोतीलाल सतनामी, पुरोहित पुष्कर तिवारी, तेजप्रसाद तिवारी अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा जनसैलाब

## नाम-स्मरण से होता है पापों का क्षय : पं. त्रिभुवन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के दर्री पारा वार्ड में इन दिनों अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा बह रही है। यहां श्रद्धा और भक्ति के पावन वातावरण के बीच श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 14 दिसंबर से शुरू हुआ यह भक्ति अनुष्ठान 22 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें वार्डवासियों सहित पूरे क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पुण्य लाभ अर्जित करने पहुंच रहे हैं। कथा के व्यास पीठ पर ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान के प्रिय शिष्य और प्रख्यात श्रीमद् भागवत प्रवचनकर्ता पं. त्रिभुवन महाराज मिश्रा (बारूला वाले) विराजमान हैं। महाराज जी के ओजस्वी और भावपूर्ण भजनों एवं प्रवचनों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया है। कथा का वाचन प्रतिदिन दो सत्रों में (सुबह 10 से 1 बजे और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक) किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ रविवार, 14 दिसंबर को भव्य जलयात्रा (कलश यात्रा), गौकरण पूजा एवं बेदी पूजा के साथ हुआ। जलयात्रा में पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल निर्मित कर दिया।





### उत्सवपूर्ण माहौल और व्यवस्था

दर्री पारा वार्डवासियों एवं आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन बढ़ती भीड़ को देखते हुए सेवादार भी तत्परता से जुटे हुए हैं। इस आयोजन ने पूरे फिंगेश्वर क्षेत्र को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया है।

**कथा प्रसंगों ने मोह लिया मन-** कथा के प्रारंभिक दिनों में पं. त्रिभुवन महाराज ने विभिन्न मार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। प्रथम एवं द्वितीय दिवस राजा परीक्षित जन्म और वराह अवतार की कथा के माध्यम से धर्म और कर्तव्य की शिक्षा दी गई। तृतीय दिवस सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और भरत चरित्र के माध्यम से भक्त की अडिग शक्ति का परिचय दिया गया। इसके पश्चात अजामिल उद्धार और भक्त प्रहलाद के प्रसंग के साथ भगवान नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की गई। महाराज जी ने व्यास पीठ से संदेश देते हुए कहा कि सच्ची भक्ति और प्रभु का नाम-स्मरण मनुष्य को बड़े से बड़े पापों से मुक्त कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल सुनने का विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवन में उतारना ही वास्तविक भक्ति है। यह ग्रंथ मनुष्य को सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का मार्गदर्शन देता है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...



हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है।इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है!यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



**रामाधार साहू**
**भाजपा नेता**
**पूर्व सरपंच, सेंदर**

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



**राजू साहू**
**युवा भाजपा नेता**

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दायित्व व कर्त्तव्य होता है।

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



**रूपेश साहू**
**सरपंच, ग्राम पंचायत रोहिना,**
**अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर**

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।


### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



**त्रिभूवन मिश्रा, बारूला**
**भगवताचार्य, पुरोहित सिद्ध विनायक मंदिर, फिंगेश्वर**

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

### जब खबर से पोल है खुलती



**इंद्रजीत महाड़िक**
**जिला पंचायत सदस्य**
**राजिम**

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

### प्रदेश को नई पहचान दी



**खोमन सिन्हा, कुण्डेल**
**राज्यपाल से सम्मानित**
**प्रा.शा. शिक्षक सिर्रीखुर्द**

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



**खोमन साहू, बेलर**
**अध्यक्ष, तहसील साहू समाज**
**फिंगेश्वर ,भाजपा नेता**

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



**विजय कंडरा**
**प्रतिनिधि राजिम**
**विधायक**

भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

### बच्चों के सर्वागीण विकास में सहायक, बाल भूमि



**बेनी शंकर साहू**
**सरपंच खुटेरी**
**भाजपा युवा मोर्चा**

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वागीण विकास हो सकें।

### नित नये आयाम गढ़ते गया



**पुष्पा साहू, बोरसी**
**उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ गरियाबंद,**
**वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री**

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

विज्ञापन एवं समाचार पत्र के लिए संपर्क करें- संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईया मो. 9589469068



## खबर संक्षेप



### अमलीपदर में गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज

**मैनपुर।** राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अमलीपदर का तैयारी जोरशोर से की जा रही है। शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता जी की जन्म शताब्दी एवम्-अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले नारी सशक्तिकरण वर्ष में गुरु सत्ता परम्-पूज्य गुरुदेव पं. श्री राम शर्मा जी व परम्-वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी एवम्-मां गायत्री की कृपा तथा उनके सूक्ष्म संरक्षण में व्यक्ति निर्माण परिवार निमार्ण समाज निर्माण एवं राष्ट्र के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिनके तैयारी के लिए यज्ञ शाला व भोजनालय की तैयारी समय दानी श्रम दानी सभी गायत्री परिजनों के द्वारा दी जा रही है। दिलीप सिन्हा, शेखरचंद साहू, मुकेश कुमार साहू, हर्ष कुमार जैन, पितम साहू, खोवेंन्द भाटी, सुमंन्त भाटी, नेघराज यादव, घनश्याम साहू, आंनद उपेन्द्र, टिकम ध्रुव, डोमार ध्रुव, लाल सिंग, नागेश समस्त गायत्री परिजनों भाईयों के द्वारा किया जा रहा है।

### राजिम के अभिषेक भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति में बनाए गए सदस्य

**राजिम।** राजिम शहर के युवा नेता अभिषेक सोनकर को भाजपा प्रदेश कार्य समिति में सदस्य के रूप में लिया गया है।



उन्होने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहां के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर श्री सोनकर को विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, गरियाबंद जिला सोसायटी संघ के महाध्यक्ष जितेन्द्र सोनकर ने बधाई दी है।

### आधार कार्ड के लिए बच्चे दर-दर की ठोकरें खाने मजबूर

**सरायपाली।** विकासखंड के वनांचल क्षेत्र से आधार कार्ड से जुड़ी एक अत्यंत संवेदनशील और मानवीय घटना सामने आई है। माता-पिता के न होने के कारण दो नाबालिग बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे वे केंद्र व राज्य सरकार की किसी भी योजना व राशनकार्ड का भी लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहा हैं। इस समस्या से बच्चों के साथ-साथ उनके बुजुर्ग नाना-नानी भी गंभीर रूप से परेशान हैं। स्थानीय प्रतिनिधि ने इस मामले में आधार गाइड सतपथी से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान आधार गाइड ने बताया कि रोशनी बंसोड एवं रोशन बंसोड की माता का निधन हो चुका है। माता के मृत्यु के पश्चात पिता भी मानसिक रूप से विकलांग हो गए और घर छोड़कर अज्ञात कहीं चले गए, जिसके कारण बच्चों की देखरेख अब उनके नाना-नानी कर रहे हैं। आधार कार्ड न होने के कारण बच्चों को राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

## जयंती : ग्राम पोंड़ में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

# सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे बाबा गुरु घासीदास : विधायक साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छुरा विकासखंड के ग्राम पोंड़ में सतनामी समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत बाबा घासीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। उक्त जयंती समारोह में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, सरपंच कौशल्या कंवर तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने सर्वप्रथम जैतखंभ एवं बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने ऊंच-नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। वे सामाजिक समरसता के अग्रदूत हैं। घासीदास जी के उपदेश समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए वर्तमान युग में भी आवश्यक हैं। गुरु घासीदास जी के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं शिक्षाओँ को समझकर अपने व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। वे सामाजिक समरसता के प्रणेता हैं। गुरु घासीदास जी को युग दृष्टा के रूप में वर्तमान युग से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि उनके उपदेश आज भी मार्गदर्शक हैं। जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलने से ही सामाजिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर विभिन्न समाजों को एक माला में पिरोने का कार्य किया।

### सत्य ही मानव की असली आभूषण है : मीरा

जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने प्रेरक संदेश में कहा था कि सत्य ही मानव की असली आभूषण है। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी बनने की उन्होंने प्रेरणा दी थी। उनके विचार सिर्फ एक समाज नहीं अपितु संपूर्ण मानव समाज के लिए है। इस दौरान बालचंद बंजारे, ढालचंद चंदनिहा, वेगेंद्र बांधे, लोमश बांधे, पोखराज बांधे, रजनीश चन्दनिहा, घासीराम साहू, कृपा राम सिन्हा, बरातू साहू, लोचन निर्मलकर, बिसहत,साहू, राजेंद्र साहू, लोमश ध्रुव, यशपाल ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव,देवी सिंह ध्रुव, अशोक कश्यप, दिलीप यादव, गोवर्धन साहू, बिसौहा निर्मलकर, श्रीराम बांधे दीनू राम सिन्हा, टोरिया बाई, गौरी निर्मलकर आदि सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### गुरू घांसीदास बाबा ने दिखाया सत्य व अंहिसा का मार्ग : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में समस्त सतनाम समाज द्वारा गुरुवार को सतनाम धर्म के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरू घांसीदास बाबा की जयंती कुर्रे निवास में धूमधाम के साथ मनाई गई जहां नगर व क्षेत्र के समाजजनों के साथ पुरे मैनपुर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए जहां विशेष पूजा अर्चना के पश्चात पालो चढ़ाव के साथ मंगल आरती किया गया। इस दौरान गेवरचंद कुर्रे ने कहा बाबा गुरू घांसीदास जी ने सम्पूर्ण मानव जीवन को मनखे मनखे एक समान का संदेश की सभी मनुष्य एक है,बाबा गुरू घांसीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य पुरी मानव जाती के लिए कल्याणकारी है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा संत गुरु घासीदास बाबा ने हमें मनखे मनखे एक समान प्रेम सत्य और भाईचारा का संदेश दिया है ,इस मौके पर प्रमुख रूप से गेंवरचंद कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दू यादव, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, डोमार पटेल, हरिश्चर पटेल, गोविंद पटेल, उमराव साहू, पदमनी शाडिल्य, रेणुका ठाकुर, संतोष ठाकुर, सरोज सेन, हेमलता पटेल, मेनका कांशी, लोकेश्वर कांशी, जगदीश पटेल, हीरालाल पटेल, डीके शांडिल्य, सत्येन्द्र कुर्रे, त्रिभुवन पटेल, थानुराम पटेल, लोकेश भोसले, श्री चेलक सहित बड़ी संख्या में मैनपुर नगर के लोग उपस्थित थे। इस दौरान जय सतनाम के नारो से नगर गुंज उठा। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने पहुंचकर बाबा गुरू घांसीदास की पूजा अर्चना कर पुरे क्षेत्र में सुख, शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस रामकृष्ण ने कहा कि गुरू घांसीदास ने सत्य व अंहिसा का मार्ग दिखाया ताकि लोगों का जीवन हमेशा खुशहाल रहे। उन्होने आगे कहा की सत्य ही एक मार्ग जिससे समाज उन्नति और तरक्की कर सकता है, उन्होने गुरू के संदेश को जन जन तक पहुचाने का आह्वान किया।

### बाबा के विचार आज भी प्रासंगिक : विधायक

**राजिम।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर राजिम के सतनामी पारा एवं विधायक के निज ग्राम पिपरछेड़ी में सतनामी समाज द्वारा गुरुवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि ,खुशहाली की मंगल कामना किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि विश्व के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, ऊंच-नीच और कुरीतियों को जड़ से मिटाने का काम किया। कहा कि बाबा के बताए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि संत गुरुघासीदास जी ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने हेतु सतनाम पंथ की स्थापना की। उन्होने जैतखाम की स्थापना कर सत्य और धर्म के प्रतीक समाज को दिया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर सभी को बाबाजी के संदेशों को आत्मसात करने तथा शांति और भाईचारे के साथ रहने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर राजिम के कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सतनामी समाज अध्यक्ष जेठूराम कोसरे, पार्षद मंशाराम कुर्रे, पार्षद सुमित्रा निराला, सभापति आकाश राजपूत, राकेश मांडरे, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश आडिल, देवदास घृतलहरे सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं पिपरछेड़ी के कार्यक्रम में राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जिला पंचायत सभापति द्वय नंदनी-ओंकार साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जनपद पंचायत छुरा अध्यक्ष मीरा ठाकुर, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, उपसरपंच नंदजी साहू, मंशाराम साहू, खम्हन साहू, किसलाल साहू, अर्जुन साहू, परमानंद सोनवानी, लखन रात्रे सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## मनखे-मनखे एक समान के जयघोष से गूंजा नगर गुरु घासीदास जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

17 दिसंबर को नगर में गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर भव्य सतनाम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नगर के चौक -चौराहों में श्रीफल भेंटकर आरती उतारकर स्वागत किया गया। नगर में सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक, सत्य, अहिंसा एवं मानवता के उपासक सद्गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर भव्य सतनाम शोभा यात्रा का आयोजन किया। यह शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता के साथ वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर सतनामी समाज सहित नगर के समस्त श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरु घासीदास जी के विचार मनख-मनखे एक समान का संदेश जन-जन तक पहुंचने का आग्रह किया। शोभा यात्रा में सतनाम ध्वज, भजन-कीर्तन, झांकियां एवं गुरुजी के जीवन दर्शन को दर्शाने वाले प्रेरणादायी प्रसंग शामिल रहे। रानी श्याम कुमारी चौक के पास वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्षद शांति कोसरे, अभिषेक सोनी, किरण सोनी, उतम राजवंशी, अशोक साहू आदि ने समाज के अनुयायी को तिलक लगाकर आरती उतारकर पूजा अर्चना करते हुए सभी को बधाई दी।

### युवाओं ने डीजे के धुन में किया नृत्य



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सत्य, समानता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। गुरु घासीदास जी के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। सतनामी समाज के युवाओं ने बाबा के गीतों में डीजे के धुन में नृत्य किया। इस अवसर पर दूजलाल बंजारे, नीलाबंर, नेमीचंद बंजारे, बेनी सोनवानी, आशाराम, पन्नालाल बंजारे सहित सैकड़ों की संख्या मे लोग उपस्थित थे। महिलाओं की द्वारा बड़ी संख्या मे भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। गिरौदपुरी के जैतस्तंभ की प्रतिमा भी शामिल रहा जिसकी पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यकम में संघ एवं विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता शुभम जैन, बजरंग दल जिला संयोजक मोहित साहू, अमन शर्मा, जिला सत्संग प्रमुख भोज निषाद, सूयांर्श कश्यप, राज श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से खंड संघ चालक अशोक साहू, ललित डडसेना, देवेंद्र घेवरिया, उत्तम राजवंशी उपस्थित थे।

## जल आवर्धन योजना का अध्यक्ष लुकेश्वरी ने किया भूमिपूजन



**छुरा।** नगर पंचायत छुरा द्वारा नगर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल आवर्धन योजना के अंतर्गत आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिवत पूजन-अर्चन के साथ योजना कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जल आवर्धन योजना के पूर्ण होने से नगरवासियों को नियमित, शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। यह योजना नगर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, पार्षद हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, आई यू विष्णु निर्मकलर, वरिष्ठ नागरिक रमेश शर्मा, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी,चमन साहू, निखिल साहू, नरेंद्र पटेल, पीयूष सिन्हा, अजमेर, समाजसेवी शीतल ध्रुव, वेदिका वासनिक, लीना दुबे के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने योजना के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की तथा नगर के विकास में इसे मील का पत्थर बताया।

## खेल-खेल में सीखेंगे नौनिहाल, एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



शासन की नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों को खेल-खेल में शिक्षा पर आधारित समझ के साथ शिक्षा प्रदान करने के लिए पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक एफएलएन प्रशिक्षण 15 से 20 दिसंबर 2025 तक सेजेश हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में चल रहा है प्रथम दिवस प्रशिक्षण का उद्घाटन बीआरसीसी प्रेमदास मारकंडे एवं प्राचार्य एनसी साहू के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मास्टर ट्रेनर नेमीचंद यादव ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों को खेल-खेल के माध्यम से समझ के साथ शिक्षा एवं कलात्मक विकास जिसमें संगीत नृत्य गीत के साथ योग शिक्षा एवं खेल के प्रति रुचि जागृत करना है तथा बच्चों की प्रतिभा को मश उभारना है विदित हो कि विकासखंड को तीन जोन में बांटकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छुरा ब प्रशिक्षण केंद्र में 11 संकुल के 80 शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिन्हें मास्टर ट्रेनर नेमीचंद यादव केशव विश्वकर्मा एवं कृतिका चंद्राकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण डाइट एवं एनसीईआरटी के मार्गदर्शन में संचालित है जिनका सतत निरीक्षण किया जा रहा है। द्वितीय दिवस रायपुर से पांच सदस्यीय निरीक्षण दल जिनमें संगीता यादव, प्राचार्य डाइट लीना एफएलएन प्रभारी रायपुर, प्रतिभा सोनी व्याख्याता रायपुर, नीरजा सत्पुते रायपुर, डेहर पटेल डीआरजी उपस्थित हुए। सभी ने यहां चल रहे प्रशिक्षण की भूरी भूरी प्रशंसा की द्वितीय दिवस जिला निरीक्षक दल की उपस्थिति हुई जिसमें शिवेश शुक्ला डीएमसी समग्र शिक्षा मनोज केला एपीसी शिक्षा विभाग विल्सन थॉमस एपीसी समग्र शिक्षा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए अच्छे प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों की प्रशंसा की एवं कहा कि बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय मैनपुर, जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़

**शपथ पत्र**

मैं पिताम्बर पिता चंदर जाति तेली निवासी ग्राम अमलीपदर तहसील अमलीपदर जिला गरियाबंद छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 6283 3679 8531 जारी हुआ है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम भूमी साहू पिता पिताम्बर साहू दर्ज है, जबकि मेरी पुत्री के अन्य दस्तावेज में भूमिका पिता पिताम्बर दर्ज है।
3. यह कि उक्त आधार कार्ड में अंकित नाम भूमी साहू पिता पिताम्बर साहू को मैं सुधार कर अन्य दस्तावेज के अनुसार भूमिका पिता पिताम्बर दर्ज कराना चाहता हूँ।
4. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही जानकारी सत्य एवं सही है।
5. यह कि उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन :-**

मैं पिताम्बर पिता चंदर जाति तेली निवासी ग्राम अमलीपदर तहसील अमलीपदर जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ, जो कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 तक में लिखे समस्त बातें सत्य वो सही है जिसे अपना हस्ताक्षर गरियाबंद में दिनांक 16/09/2025 को सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**
**पिताम्बर**

### भव्य शोभा यात्रा और प्रदेश स्तरीय समारोह की तैयारी तेज

# 7 जनवरी को मनेगी भक्त माता राजिम जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





7 जनवरी को आयोजित होने वाले भक्त माता राजिम जयंती समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने जिला साहू संघ गरियाबंद एवं राजिम भक्तिन माता समिति के पदाधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। बैठक में सर्वसम्मति से जयंती समारोह को भव्य रूप में मनाने तथा विशाल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष साधना साहू, संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू एवं चंद्रावती साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष प्रवीण साहू की विशेष रूप से मौजूद थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती समारोह की बैठक के प्रारंभ में जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष प्रवीण साहू एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने समाज की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया। बैठक की शुरूआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती समारोह के संबंध में अपने-अपने विचार रखने का आग्रह किया।

**समाज को एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य किया-** इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि वर्ष 2008 से राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह को प्रदेश स्तरीय रूप में मनाया जा रहा है, जिससे साहू समाज को एक नई पहचान और संगठनात्मक मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष मोतीलाल साहू ने जयंती को प्रदेश स्तरीय बनाकर समाज को एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य किया। इसके पश्चात विपिन साहू के नेतृत्व में भी भव्य आयोजन होते रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय अर्जुन हिरवानी एवं पूर्व अध्यक्ष टहल सिंह साहू द्वारा भी हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे सहित भव्य आयोजन किए गए। विधायक श्री साहू ने कहा कि स्थानीय विधायक होने के नाते वे तन-मन-धन से इस आयोजन में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

अभनपुर तहसील साहू समाज
के महिला संगठन में
सचिव पद के लिए खड़ी हूँ।
आप सभी का आशीर्वाद मुझ पर बना रहे।
सामाजिक जनों के हितों को लेकर
सदैव कदम से कदम
मिलाकर चलूंगी।



भूमिका साहू
महिला उपाध्यक्ष
परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद